महत्वपूर्ण परिपत्र

कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009

OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS

No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं./No.AN/II/2011/SCA/2015 **दिनांक/Dated: 06.07.2015**

सेवा में,
र.ले.नि., आई.टी.एस.डी.सी., सिकंदराबाद ।
प्रभारी अधिकारी, वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई./सेना आयुध कोर
सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)
मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग

विषय : वाहन की खरीद के लिए पेशगी - मोटर साइकिल/सकूटर/मोपेड - के संबंध में ।

****

जिन अधिकारियों/कर्मचारियों का वेतन उनके वेतनबैंड में रु. 8560/- से अधिक है और मोटर साइकिल/सकूटर/मोपेड की खरीद हेतु पेशगी आहरित करने के पात्र हैं, उनमें से जो अधिकारी/कर्मचारी उपरोक्त वाहन खरीदने की इच्छुक हैं, उनके नाम उनके आवेदन सहित (आवेदन का निर्धारित प्रोफार्मा संलग्न है) संलग्न प्रपत्र में भरकर इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करें ताकि आवश्यक कार्रवाई की जाए । जो अधिकारी/कर्मचारी उपरोक्त पेशगी का निकास करना चाहते हैं उन्हें जी.एफ.आर., 2005 के पेशगी के नियमों के सार-संग्रह के नियम 17 के प्रावधानों पर ध्यान देने का निदेश दें ।

जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने पहले आवेदन किया था परंतु उन्हें पेशगी मंज़ूर नहीं की गई थी, उन्हें नया आवेदन देना होगा । केवल वे व्यक्ति जो अपने वेतन के अनुसार पेशगी लेने के पात्र हैं और जो तुरंत ही पेशगी की राशि उपरोक्त प्रयोजन हेतु खर्च करने में सक्षम हैं, वे ही इस पेशगी के लिए आवेदन कर सकते हैं । यह देखा गया है कि पिछले वर्षों में कुछ कर्मचारियों ने मंज़ूरी के उपरांत पेशगी की राशि वापस कर दी क्योंकि वाहन की लागत के लिए उनके पास निधि की कमी थी । उपरोक्त के प्रकाश में, इस बात पर ज़ोर दिया जाता है कि आवेदक संबंधित डीलरों से प्राथमिक पूछ-ताछ कर लें और वाहन की लागत के सबंध में डीलर से एक कोटेशन प्राप्त करने तथा डीलर से एक घोषणा भी प्राप्त करें कि वह वाहन को तुरंत सुपुर्द करने में सक्षम है । अपने आवेदन के साथ कोटेशन और डीलर द्वारा प्रदत्त घोषणा पत्र भी संलग्न करें ।

इस परिपत्र के अशों को सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को परिचालित करें। अधिकरियों/कर्मचारियों से प्राप्त पेशगी हेतु आवेदन (पूरी तरह से भरे हुए) दिनांक **31.07.2015** तक अनिवार्य रूप से इस कार्यालय को भेज दें ।

महत्वपूर्ण : किसी भी परिस्थिति में आवेदनों का आहरण स्वीकार्य नहीं है ।

शून्य रिपोर्ट देना भी अनिवार्य है ।

हस्ता/-

(बी. बाल जवाहर)

रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)